राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणित/ISO 9001 : 2015 certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. Of School Education and Literacy, Ministry of Education, Govt. of India)

फा.सं. 41-41/2012/एनआईओएस/कार्मिक 20 जुलाई, 2023

परिपत्र - 14/2023

46वीं वित्तीय समिति और 62वीं कार्यकारी बोर्ड समिति के अनुमोदन के अनुसार कार्यालय आदेश सं. 259/12 दिनांक 2 जुलाई, 2012 द्वारा एनआईओएस के नियमित कार्मिकों के मेधावी बच्चों के लिए मेधावी प्रोत्साहन योजना आरंभ की गई।

इस आदेश के जारी होने की तिथि तक एनआईओएस में कार्यरत नियमित कार्मिकों के मेधावी बच्चों को मेधावी प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा, जिसमें प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कार्मिकों को भी शामिल किया जाएगा, बशर्ते कि वे पूर्ण संबंधित शैक्षिक वर्ष के दौरान एनआईओएस में कार्यरत रहे हों। मेधावी प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए मानदण्ड निम्नानुसार होंगे :-

क्र.सं.	कक्षा	ग्रेडिंग/प्रतिशत के लिए मेधावी प्रोत्साहन की धनराशि	
		ग्रेड ए1 (जीपी 10) अथवा 90% से अधिक अंक	**ग्रेड ए2 (जीपी 9.0) अथवा 80% से 90% तक अंक**
1.	XI-XII	रु. 10,000/- प्रतिवर्ष	रु. 9,000/- प्रतिवर्ष
2.	IX-X	रु. 8,000/- प्रतिवर्ष	रु. 7,000/- प्रतिवर्ष
3.	VI-VIII	रु. 6,000/- प्रतिवर्ष	रु. 5,000/- प्रतिवर्ष

तदनुसार, शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए मेधावी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करने के लिए वर्तमान में कार्यरत सभी पात्र कार्मिकों से संलग्न निर्धारित प्रोफॉर्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनके बच्चों ने उपर्युक्त मानदण्ड के अनुसार अंक प्राप्त किए हैं।

ये आवेदन कार्मिक अनुभाग में <u>**14 अगस्त, 2023**</u> तक अवश्य पहुँच जाने चाहिए। तिथि समाप्त होने पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(के.एल.गुप्ता)
संयुक्त निदेशक (प्रशा.)

प्रति :

1. सभी विभागाध्यक्ष, एनआईओएस
2. सभी क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, एनआईओएस
3. लेखा अधिकारी
4. एनआईओएस के सभी कार्मिकों के सूचनार्थ सूचना बोर्ड।